### एक नजर में

#### जॉब फेयर का आयोजन कल

**अशोकनगर।** जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन द्वारा शनिवार को नेशनल जॉब फेयर (वनडे मल्टी सिटी पेन इंडिया) आयोजित किया जा रहा है। इसमें सर्विस करने के इक्छुक जैन बन्धु अपना शैक्षणिक बायोडाटा अपलोड कराकर पंजीयन करा सकते हैं। इस मेले के माध्यम से लोगों को देश की 1000 से अधिक कम्पनियों में जॉब करने का अवसर मिलेगा। जॉब मेले में भाग लेकर वह सर्विस प्राप्त कर सकते है। जॉब फेयर नितिन कंप्यूटर रघुवंशी धर्मशाला के सामने बायपास रोड पर प्रात: 10:30 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित है।

#### खेल छात्रवृति हेतु आवेदन आमंत्रित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाडियों को दी जाने वाली खेल छात्रवृति अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण/ रजत/ कांस्य पदक प्राप्त किया हो, आवेदन आमंत्रित है। खेलवृति हेतु खिलाडी की आयु 1 अप्रैल को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खिलाडी को मप्र का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक की विगत वर्ष के 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 अर्थात एक वित्तीय वर्ष में प्राप्त खेल उपब्धियों की गणना की जावेगी। खेल छात्रवृति हेतु खिलाडी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर कार्यालय खेल एवं युवा कल्याहण विभाग में 31 मई 2026 तक जमा करा सकते है। नियत तिथि के पश्चाकत किसी भी स्थिति में आवेदन स्वीईकार नहीं किए जावेंगे।

#### राजपुर में नदी पर किया श्रमदान

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में विकासखंड अशोकनगर के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजपुर द्वारा जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत राजपुर नदी पर श्रमदान किया गया। जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान ने जल बचाने की अपील की एवं विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने जल की सहभागिता के बारे में बताया।

#### केन्द्री य मंत्री का भ्रमण आज

**अशोकनगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया आज जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार श्री सिंधिया 22 मई को सायं 4:30 बजे भोपाल एयरपोर्ट से कार द्वारा प्रस्थान कर रात्रि 8 बजे जैन तीर्थ थूबोन आऐगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें, रात्रि 9 बजे जैन तीर्थ थूबोन से शिवपुरी के लिये प्रस्थान करेगें।

# स्कूलों के आसपास से हटाई जाएं तम्बाकू की दुकानें

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित, सुधार के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। स्कूलों के आसपास 100 मीटर की परिधि में गुटखा-तम्बाकू की दुकाने संचालित न हो इस हेतु दुकानों को हटाये जाने की आवश्यक कार्यवाही की जाएं, यह निर्देश गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय ने उपस्थित शिक्षा अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य मार्ग के समीप स्कूलों के बाहर सांकेतिक बोर्ड लगवाये जाने की कार्यवाही की जाएं।**




दरअसल कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें कलेक्टर श्री मालवीय ने निर्देश दिये कि विद्यालयों के नवीन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार के लिये विशेष प्रयास किये जाएं। नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर स्कूलों में पेयजल, विद्युत, शौचालय, साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होंने ड्रॉप आउट बच्चों को पुनः शत प्रतिशत विद्यालय से जोडने एवं नामांकन बढाने के लिये विशेष प्रयास किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने कलेक्टर/कमिश्नंर कांफ्रेस के बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए पाठ पुस्तकों की प्राप्ति एवं विद्यार्थियों को विषयवार वितरण तथा साईकिल वितरण की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि चयनित जर्जर स्कूल भवनों को ध्वस्ते किये जाने की नियमानुसार कार्यवाही की जाएं। साथ ही ऐसे स्कूलों के जर्जर कक्षों में ताला लगाकर बंद करा दिया जाएं। स्कूलों के कक्षों की नबरिंग की जाएं। साथ ही उल्लास नवभारत साक्षारता अभियान कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक गतिविधियां संचालित किये जाने के निर्देश दिये। नौजवानों को साक्षार बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इस दिशा में कार्य किये जाएं।

### वंदे मातरम् का गायन अनिवार्य

बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि विभागीय पोर्टल पर जानकारी अपडेट रखी जाएं। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाएं। उन्होंने जल संचय जनभागीदारी तथा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत किये गए कार्यो की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में वंदेमातरम् का गायन अनिवार्य रूप से कराया जाएं। साथ ही योगा की कक्षाएं संचालित कर शारीरिक दक्षता की गतिवधियां चलाई जाएं। उन्होंने सामुदायिक क्रियाकलाप हेतु स्कूली बच्चों के समूह बनाकर बृद्धाश्रम, ट्राफिक तथा वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर दे। स्कूली बच्चों की समग्र आईडी बनवाये जाने हेतु संबंधित स्कूलों में आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएं कराये जाने के निर्देश दिये।



# साइकिल से कार्यालय पहुंचे कलेक्टर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर तथा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ाबा देने के उद्धेश्य से कलेक्टर साकेत मालवीय गुरूवार को साइकिल से कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ाबा देने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान कलेक्टर श्री मालवीय ने कहा कि साइकिल का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे प्रदूषण में भी कमी आती है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में वाहन के स्थान पर साइकिल का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिलेवासियों से भी अपील की कि वे स्वस्थ्य एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक साइकिल के उपयोग को अपनाएं।

# सरपंच पति की दबंगयाई का वीडियो वायरल

## ग्रामीणों के साथ कर रहा है गाली-गलौच, पुलिस ने दोनो तरफ से किया मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसने राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। बिल्हेरु पंचायत की महिला सरपंच के पति विशन दांगी अपने कुछ साथियों के साथ एक परिवार के घर और दुकान पर हंगामा करते नजर आ रहे हैं। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि विशन दांगी हाथ में डंडा लिए हुए हैं और बेहद आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। वह अपने समर्थकों के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। वीडियो के अनुसार सरपंच पति ने न सिर्फ परिवार के लोगों के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज की बल्कि वहां स्थित उनकी दुकान में रखे सामान पर डंडे बरसाने शुरू कर दिए। वीडियो में दुकान के सामान में तोड़फोड़ होती दिखाई दे रही है। जानकारी अनुसार इस अचानक हुए घटनाक्रम और अभद्र व्यवहार से पीड़ित परिवार बेहद डरा और सहमा हुआ है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि रसूख के चलते उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो वर्तमान में कहां का है इसकी पूरी तरह से आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।



अखबार भी इस वायरल वीडियो की सत्यता और प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। वही जानकारी की माने तो विशन दांगी नेतागिरी में भी अपनी पकड़ रखता है जिस बजह से वह आए दिन ग्रामीणों को रंगदारी बताता रहता है, अब देखना यह होगा कि वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने दोनों तरफ से मामला दर्ज किया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के बांसखेड़ी में हुए पट्टे, कलेक्टर से जांच की मांग

**आवेदक ने जनसुनवाई में दिया आवेदन**

**कहा न आदेश हुआ और न ही चला प्रकरण**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में पूर्व में हुए पट्टे हमेशा विवादों में रहते है, ऐसा ही एक विवाद विगत दिवस जनसुनवाई में सामने आया, जहां आवेदक ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए वर्ष 1993-94 हुए पट्टो पर सवाल खड़े करते हुए उसकी जांच कर उन्हें रद्द किये जाने की मांग की गई।

ग्राम पंचायत सेमरा बामोरा के ग्राम बांसखेडी निवासी गोलू पुत्र मलखान सिंह यादव ने बताया कि भूमि सर्वे नबंर 204/315 मिन, रकबा 2.00 हेक्ट के प्रक. क0 50319/1993-1994 आदेश दिनांक 18/04/1994 से एक ही परिवार के तीन लोगों को सेमरा बामोरा में पट्टे किये गये है, उक्त तीनो व्यक्ति एक ही व्यक्ति संतान है। वहीं आवेदन में बताया गया कि हल्का पटवारी द्वारा दुरवी संधी करके फर्जी तरीके से खसरा में राजस्व रिकॉर्ड में फर्जी इंद्र अधिकार दिया है जबकि इन प्रकरणो से अन्य किसी को भी ग्राम में पट्टे नही हुये है।

### न अधिकारी का आदेश, न ही चला प्रकरणः

मंगलवार को दिये गये आवेदन में बताया कि उक्त भूमि को राजस्व रिकार्ड में फर्जी तरीके से चढ़ाया गया है। आवेदक ने संदेह जाहिर करते हुए बताया कि इस भूमि का न तो प्रकरण चला है, न ही सक्षम अधिकारी के आदेश है, वहीं जो बंटन सूची है उसमें दखिल दिनांक तक नहीं है। इस तरह की फर्जी एंट्री राजस्व रिकॉर्ड में की गई है जो अवैधानिक है। वहीं आवेदक ने बताया कि उसके पिता द्वारा रिकॉर्ड दुरस्ती के लिये आवेदन लगाया था लेकिन वर्तमान हल्का पटवारी की मिली भगत से मोटी रकम लेकर फर्जी तरीके से पट्टे दर्शाये गए। आवेदक ने कलेक्टर से मांग कि इस पूरे प्रकरण को निगरानी में लेकर जांच कराई जाए और इन पट्टो को निरस्त किया जाए।

# सूचना प्राद्यौगिकी के जनक थे राजीव गांधी

**पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने किया याद**

**श्रद्धासुमन अर्पित करते किये पुष्प अर्पित**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि के अवसर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय गांधी पार्क श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखने का संदेश दिया।



इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास एवं युवा शक्ति को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके कार्यकाल में सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एवं पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई, जिसका लाभ आज देश को मिल रहा है। श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राम नाम दीक्षा एवं श्रीअमृतवाणी सत्संग 24 को

**अशोकनगर।** शहर के मानस भवन में आगामी 24 मई रविवार को एक अत्यंत पावन और ऐतिहासिक आध्यात्मिक समागम होने जा रहा है। अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशुद्ध आध्यात्मिक संस्था श्रीरामशरणम् परिवार द्वारा जिले में प्रथम बार विशेष राम नाम दीक्षा एवं श्रीअमृतवाणी सत्संग का आयोजन किया जा रहा है।

**शताब्दी वर्ष में अशोकनगर को मिली सौगात:** श्रीरामशरणम् संस्था की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी, जिसका अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय लाजपत नगर, दिल्ली में स्थित है। मानव मात्र को प्रभु राम के नाम से जोडक़र उनके जीवन का कल्याण करने में जुटी इस संस्था को राम काज करते हुए सफलतापूर्वक 100 वर्ष (शताब्दी) पूर्ण हो चुके हैं। इस गौरवमयी शताब्दी वर्ष में जिले के नागरिकों को इस विशुद्ध आध्यात्मिक धारा से जुडऩे का यह पहला और परम पावन अवसर मिल रहा है। श्रीरामशरणम् संस्था का एकमात्र और परम उद्देश्य भटके हुए मानव मन को राम नाम की महिमा से जोडऩा है। इसके माध्यम से व्यक्ति सांसारिक आपाधापी के बीच अपने बहुमूल्य जीवन में आध्यात्मिक उन्नति, मानसिक शांति और परम आनंद की प्राप्ति कर सकता है। राम नाम का यह पावन मंत्र जीवन के सभी दुखों को हरकर परम कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।

# पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाने पहुंचे कप्तान

## भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे जवानों को ग्लूकोज, ORS और छाछ का किया वितरण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में इस समय भीषण गर्मी का दौर जारी है, जिसके कारण लोग दोपहर के समय में आग की भट्टी की तरह तपते नजर आते है, लेकिन इस भीषण गर्मी और 44 डिग्री तापमान के बीच जिले के पुलिस ट्राफिक पाइंट और सुरक्षा में तैनात रहकर यातायात को बेहत्तर बनाने में लगे रहते है। हीटबेव में पुलिस जवानों का हौसला कम न हो, इसलिए गुरूवार को पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा स्वयं इन जवानों के पास पहुंचे और ग्लूकोज, ORS एवं ठंडा छाछ वितरण कर इनका हौसला बड़ाते हुए उत्साह बर्धन किया।

इस दौरान पुलिस कप्तान श्री मिश्रा ने कहा कि जवानों के स्वास्थ्य एवं मनोबल को ध्यान में रखते हुए उन्हें ग्लूकोज, ORS एवं छाछ का वितरण किया गया तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने एवं पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई। इस मौके पर एएसपी गजेन्द्र सिंह कंवर, अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा, चंदेरी एसडीओपी महेश शर्मा, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान, निरीक्षक मनीष चौहान, यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर, देहात थाना प्रभारी उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**पुलिस कप्तान की अपील, जरूरी काम तभी निकलें, रखें सावधानियां:** इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई कि भीषण गर्मी एवं हीटवेव के दौरान अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें तथा बाहर निकलते समय गर्मी से बचाव हेतु टोपी, गमछा, छाता, पानी एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा साधनों का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, जिससे लू एवं गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सके।

### शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में अशोकनगर अव्वल

**अशोकनगर।** सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिला पुलिस प्रदेश में प्रथम स्थान पर है, ऐसा पहली बार नहीं है कि बल्कि वह लगातार तीन माह से प्रदेश में प्रथम स्थान है। दरअसल पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक, समयबद्ध एवं समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इन्ही निर्देशो के पालन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की प्राथमिकता से सुनवाई की गई। प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। इस सतत एवं प्रभावी प्रयास का परिणाम यह रहा कि अप्रैल माह की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 99.92 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो कि जिला पुलिस की कार्यकुशलता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि माह फरवरी की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 99.36 प्रतिशत स्कोर एवं माह मार्च में 99.84 प्रतिशत स्कोर एवं माह अप्रैल में 99.92 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है, इस प्रकार जिला पुलिस विगत तीन माह से प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

**आयोजन**

## अपने गुरु की अगवानी के लिए तैयारियों में जुटे रहे जैन श्रद्धालु

# पांच माह बाद पुन : शहर में मुनिश्री सुधासागर का आगमन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** इसे अशोकनगर का भाग्य कहे या फिर पुण्य की तीव्रता की जहां निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधासागर महाराज संसघ का पांच माह बाद पुन: एक बार मंगल सौभाग्य मिलने जा रहा है, जिसकी तैयारी में पूरा शहर लग गया है और एक बार फिर अपने आराध्य गुरुदेव की आगवानी को तैयार कर रहा है, मुनिश्री का मंगल विहार मुंगावली से चल रहा है जो कि बहादुरपुर, बंगला चौराहे, अथाईखेड़ा और भादोंन हुए शुक्रवार की सुबह मंगल आगवानी विदिशा रोड त्रिदेव मंदिर से की जाएगी। जहां से एक शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि एचडीएफसी चौराहा, पुराना बस स्टैंड, मिलन चौराहा, गांधी पार्क, स्टेशन रोड होते हुए सुभाष गंज मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में पूज्य मुनिसंघ की आगवानी हेतु विशाल जन समूह के साथ होंगे कई आकर्षण जिसमें सिरोंज, गुना, मुंगावली, आरोन, शाढ़ौरा के सेवादलों के दिव्य घोष के साथ उज्जैन से विशेष रूप से आगवानी हेतु भक्त मंडली के द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं महिला संगठनों की विशेष प्रस्तुति भी आगवानी की शोभा बढ़ाएगी।

**108 थालियों से होगा मुनिश्री पाद प्रक्षालन:** पांच माह बाद एक बार पुन: मंगल आगवानी के लिए जहां पूरा शहर तैयार है, तो वहीं दूसरी ओर मुनिश्री आगवानी के लिए नगर के जैन सहित अन्य लोग भी पलके पिखाड़े बैठे हुए की कब मुनिश्री चरण रंज उनके शहर में पड़े। मध्य प्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुरा ने बताया कि मुनिश्री का पांच माह बाद पुन नगर के आगमन होने जा रहा है, जिसमें गांधी पार्क से गंज गेट तक मुनिश्री के पाद प्रक्षालन हेतु रेम्प तैयार किया गया है, जिस पर 108 परिवार द्वारा पूज्य श्री का पाद प्रक्षालन की जाएगी और विशाल संघ श्री आदिनाथ धाम गंज मंदिर जी में प्रवेश करेगा। इस दौरान विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जगत कल्याण की कामना करते हुए मुनि श्री के मुख से महा शान्ति धारा होगी।

### जीवन पर धन का महत्व हावी नहीं होना चाहिए

इस दौरान मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि धन जीवन पर हावी नहीं होना चाहिए, धन का महत्व दैनिक जीवन की आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए है जीवन में सुख पाने के लिए धन नहीं ध्यान की जरूरत है। सरलता के साथ सुख से रहा जा सकता है आज लोग का जीवन भौतिकता से भर गया है धन साधन को पैदा करता है, साधन साधना में वादा बन जाती है, जब तक अपने जीवन को सादगी की ओर ले जाते हैं तो एक आत्मिक शांति आप अपने चारों ओर महसूस करेंगे, कितने ही साधन आपको मिल जाए वह शांति नहीं दे सकते है, जो सादगी और प्राकृतिक चीजें आपको देती है, आज हम प्राकृतिक चीजें से दूर होते जा रहे है और आज की दुनिया में खुलते जा रहे है, जिससे हमारे जीवन में खुशी दूर होती जा रही है और परेशानी का ओर बढ़ते जा रहे है।

# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर जनगणना रथ को किया रवाना

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जनगणना रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले के भ्रमण के लिए रवाना किया। यह रथ जनगणना कार्य के प्रति आमजनों को जागरूक करने और गणना प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जनगणना देश के विकास की योजनाओं और नीतियों के निर्धारण का आधार बनती है। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न नगरीय निकायों और ग्रामीण अंचलों में भ्रमण करेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों और सूचनात्मक संदेशों के माध्यम से नागरिकों को सही जानकारी देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह प्रचार रथ 21 एवं 22 मई को तहसील अशोकनगर एवं नगरपालिका क्षेत्र ,23 मई को तहसील बहादुरपुर, तहसील पिपरई एवं नगर परिषद पिपरई,24 एवं 25 मई को तहसील मुंगावली एवं नगर परिषद क्षेत्र मुंगावली,26 मई को तहसील चंदेरी एवं नगर पालिका क्षेत्र चंदेरी,27 मई को तहसील नईसराय,28 मई को तहसील शाढौरा एवं नगर परिषद शाढौरा तथा 29 मई को तहसील ईसागढ नगर परिषद ईसागढ में पहुंचकर प्रचार- प्रसार करेगा। इस मौके पर अपर कलेक्टर डीएन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


//विज्ञप्ति//

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग अशोकनगर (मप्र)**

प्रकरण क्रमांक/0377/अ-6 (अ)/2025-26/120 अशोकनगर, दिनांक 18/05/2026

1. अनिरूद पुत्र ग्रीशकुमार अग्रवाल निवासी सुभाष गंज अशोकनगर तहसील व जिला अशोकनगर (मप्र)

.............अपीलार्थी

बनाम

1. अरुणा शर्मा पत्नि जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी वार्ड नं 22 अशोकनगर तहसील व जिला अशोकनगर

---------- रेस्पोडेन्टजन

(पक्षकारों की उपस्थिति हेतु विज्ञप्ति सूचना)

एतत् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिरूद पुत्र ग्रीशकुमार अग्रवाल निवासी सुभाषगंज अशोकनगर तहसील व जिला अशोकनगर मप्र द्वारा भूमि कस्वा अशोकनगर के सर्वे नंबर 376/मिन/5 रकवा 0.009हे. में राजस्व अभिलेख में विलोपित / दुरूस्त करने का आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। उक्त सर्वे नंबर 376/5 रकवा 0.009 हे. में जिस किसी व्यक्ति का हित अथवा आवश्यक पक्षकार हो वह न्यायालय में पेशी दिनांक 10/06/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर अथवा उचित माध्यम से प्रकरण में प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद गुजरनें उपरांत किसी भी प्रकार का आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह विज्ञप्ति मेरी पद मुद्रा हस्ताक्षर से जारी है।

(शुभ्रता त्रिपाठी)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुभाग-अशोकनगर